# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, औरैया।

## (प्रशासनिक अनुभाग)

## (आवश्यक सूचना)

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या- 14/Admin 'D' Section; दिनांकित- 15.10.2022 के द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या- 41/Admin 'D' Section; दिनांकित- 14.04.1980 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, के लिए इस कार्यालय द्वारा पूर्व में विज्ञप्ति दिनांकित- 16.07.2025 निर्गत की गई थी, जिसके लिए आवेदन दिनांक- 20.08.2025 तक निर्धारित किया गया था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, औरैया द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद न्यायालय, औरैया में अभी तक केवल तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो विज्ञापन में जारी रिक्तियों के सापेक्ष बहुत कम है तथा आगे यह भी अवगत कराया गया कि और भी आवेदन आने की प्रबल सम्भावना है।

**अतः इसी क्रम में आगे सूचित करना है कि जनपद न्यायालय, औरैया में आवेदन की अंतिम तिथि 20.08.2025 से बढ़ाकर दिनांक- 31.08.2025 तक निर्धारित की जाती है। आवेदन प्रशासनिक अनुभाग, जनपद न्यायालय, औरैया में दिनांक- 31.08.2025 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।**

सूचना सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, औरैया को आदेशित किया जाता है कि उक्त सूचना को जनपद न्यायालय, औरैया की वेबसाईट एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जिला सूचना अधिकारी, औरैया को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित हो।

सर्व सम्बन्धित सूचित हों।

जनपद न्यायाधीश,
औरैया।
21.08.2025